Adda247 GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025
## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/03/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** एक निश्चित तर्क के अनुसार 18 का संबंध 59 से है। उसी तर्क के अनुसार, 27 का संबंध 86 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 37 का संबंध दिए गए विकल्पों में किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. 132
- ✗ B. 101
- ✗ C. 123
- ✓ D. 116

**Q.2** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 52 का संबंध 144 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 81 का संबंध 173 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 63 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

**Ans**
- ✗ A. 145
- ✗ B. 175
- ✓ C. 155
- ✗ D. 165

**Q.3** शान के पास ₹1407 हैं। वह इस धनराशि को अपने दो पुत्रों, पीयूष और मनोज के बीच बाँट देता है और उन्हें अपने-अपने हिस्से को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह देखा गया है कि 18 वर्षों के बाद पीयूष के निवेश का मिश्रधन, 19 वर्षों के बाद मनोज के निवेश के मिश्रधन के बराबर है। शान ने मनोज को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**
- ✗ A. 837
- ✗ B. 737
- ✗ C. 520
- ✓ D. 670

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रसिद्ध तबला वादक अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के साथ अपने सहयोग के लिए जाना जाता है/था?

Ans
- ✗ A. ई. एम. सुब्रमण्यम
- ✓ B. ज़ाकिर हुसैन
- ✗ C. हरि प्रसाद चौरसिया
- ✗ D. सज्जाद हुसैन

Q.5 दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन सा निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
CLW 31 LUF 33 UDO 35 DMX 37 ?

Ans
- ✗ A. NUR 39
- ✗ B. LST 39
- ✓ C. MVG 39
- ✗ D. XSH 38

Q.6 ________ कुछ मामलों में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की प्रक्रिया का वर्णन करता है।

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 115
- ✗ B. अनुच्छेद 104
- ✗ C. अनुच्छेद 94
- ✓ D. अनुच्छेद 108

Q.7 यदि $30\%\ of\ 80 - \frac{4}{7} \times \sqrt[3]{729} \times \sqrt{49} = y$ है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. -7
- ✗ B. -8
- ✗ C. -3
- ✓ D. -12

Q.8 2023-24 में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, भारत में प्राकृतिक रबर के उत्पादन में प्रथम स्थान पर रहा?

Ans
- ✗ A. कर्नाटक
- ✗ B. आंध्र प्रदेश
- ✓ C. केरल
- ✗ D. तमिलनाडु

Q.9 किसी जिले में निम्नलिखित में से किस न्यायालय को सर्वोच्च न्यायिक प्राधिकरण माना जाता है?

Ans
- ✗ A. पारिवारिक न्यायालय
- ✗ B. मुन्सिफ न्यायालय
- ✓ C. जिला न्यायालय
- ✗ D. उच्च न्यायालय

Q.10 साधारण ब्याज पर कोई धनराशि किस वार्षिक दर से 5 वर्षों में स्वयं की पांच गुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ A. 78%
- ✓ B. 80%
- ✗ C. 160%
- ✗ D. 82%

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>E + F का अर्थ है 'E, F का भाई है',<br>E – F का अर्थ है 'E, F का पिता है',<br>E x F का अर्थ है 'E, F का पति है' और<br>E ÷ F का अर्थ है 'E, F की माता है'।<br><br>यदि 'P + Q – R x S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है? |
| Ans | ✗ A. पिता का भाई<br>✗ B. पिता<br>✗ C. भाई<br>✓ D. पिता के पिता का भाई |

| | |
|---|---|
| Q.12 | दिसंबर 2025 में, भारत और रूस ने RELOS समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? |
| Ans | ✗ A. संयुक्त कृषि अनुसंधान केंद्र स्थापित करना<br>✗ B. भारत और रूस के बीच शैक्षिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ावा देना<br>✓ C. भारत और रूस के बीच पारस्परिक सैन्य रसद सहायता को सुगम बनाना<br>✗ D. भारत और रूस के बीच नागरिक प्रौद्योगिकी साझाकरण को बढ़ावा देना |

| | |
|---|---|
| Q.13 | कोई विद्यार्थी PDF फाइल में एक शब्द खोजना चाहता है। उसके लिए कौन-सा शॉर्टकट मददगार होगा? |
| Ans | ✗ A. Ctrl + C<br>✗ B. Ctrl + Tab<br>✗ C. Ctrl + V<br>✓ D. Ctrl + F |

| | |
|---|---|
| Q.14 | एक टाइपिस्ट को 2 पेज टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। उसे 91 पेज टाइप करने में कितना समय (मिनट में) लगेगा? |
| Ans | ✓ A. 1820<br>✗ B. 1825<br>✗ C. 1810<br>✗ D. 1830 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्क पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>सभी उद्यान, वन हैं। सभी वन, चारागाह हैं। कोई भी उद्यान, पार्क नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कोई भी वन, पार्क नहीं है।<br>(II) कोई भी चारागाह, पार्क नहीं है। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।<br>✗ B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।<br>✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।<br>✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.16 | निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन सा अक्षर-संख्या समूह रखने पर यह तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?<br>JHF 3 RPN 5 ZXV 8 HFD 12 ? |
| Ans | ✓ A. PNL 17<br>✗ B. SYV 17<br>✗ C. KDU 19<br>✗ D. BJP 15 |

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.17** तीन धनात्मक पूर्णांक A, B और C इस प्रकार हैं कि A और B का लघुत्तम समापवर्त्य 24 है, B और C का लघुत्तम समापवर्त्य 36 है, और C और A का लघुत्तम समापवर्त्य 72 है। यदि संख्याओं को यथासंभव छोटी संख्याएं मान ली जाए, तो A + B + C का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 31
- ✓ B. 29
- ✗ C. 27
- ✗ D. 25

**Q.18** 20 मीटर ऊंची झील के तल पर जल दाब कितना होगा?
($g = 9.8 m/s^2$ और जल का घनत्व = 1 kg/litre)

Ans
- ✓ A. 1,96,000 Pa
- ✗ B. 19,600 Pa
- ✗ C. 1960 Pa
- ✗ D. 196 Pa

**Q.19** मधु और माधुरी 31 : 34 के अनुपात में निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। यदि कुल लाभ ₹44,850 है, तो मधु और माधुरी के लाभ के हिस्से (₹ में) के बीच का अंतर कितना है?

Ans
- ✗ A. ₹570
- ✗ B. ₹1,570
- ✓ C. ₹2,070
- ✗ D. ₹3,570

**Q.20** 1838-1848 के फ़राज़ी आंदोलन के दौरान बंगाल में ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध पहले कर-बंदी आंदोलन (no-tax campaign) का संयुक्त नेतृत्व किसने किया था?

Ans
- ✗ A. टीटू मीर और सैयद अहमद बरेलवी
- ✓ B. शरीयतुल्ला खान और दादू मियां
- ✗ C. सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू
- ✗ D. कुंवर सिंह और अमर सिंह

**Q.21** कंप्यूटर सिस्टम की कौन-सी विशेषता उसे सेकंडों में अत्यंत जटिल गणनाएं करने में सक्षम बनाती है?

Ans
- ✗ A. सटीकता (Accuracy)
- ✗ B. बहुआयामिता (Versatility)
- ✓ C. गति (Speed)
- ✗ D. स्वचालन (Automation)

**Q.22** चौदहवीं शताब्दी की ग्रंथ लीलातिलकम् (Lilatilakam) ने अपने व्याकरणिक और काव्य सिद्धांतों के माध्यम से किस भारतीय भाषा को शास्त्रीय दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

Ans
- ✗ A. तमिल
- ✗ B. कन्नड़
- ✓ C. मलयालम
- ✗ D. ओडिया

**Q.23** निम्नलिखित आँकड़ों से माध्यिका ज्ञात कीजिए।

| आयु (वर्ष में) | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 | 70-80 | 80-90 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोगियों की संख्या | 11 | 18 | 28 | 15 | 22 | 31 | 13 |

Ans
- ✗ A. 60
- ✓ B. 58
- ✗ C. 69
- ✗ D. 55

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.24 दिसंबर 2025 तक की स्थिति के अनुसार कौन-सा मंत्रालय ऑनलाइन बाल सुरक्षा पहलों के कार्यान्वयन के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी था?

Ans
✔ A. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)
✘ B. गृह मंत्रालय
✘ C. शिक्षा मंत्रालय
✘ D. सामाजिक न्याय मंत्रालय

Q.25 संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्य के समन्वयक कार्यालय की 2025 फाइनेंशियल ट्रैकिंग सर्विस रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक मानवीय सहायता में UAE से ऊपर किन दो योगदानकर्ता देशों का स्थान रहा?

Ans
✘ A. भारत और यूनाइटेड किंगडम
✘ B. चीन और जापान
✘ C. मोरक्को और डेनमार्क
✔ D. संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ

Q.26 उच्चतम न्यायालय को किस अनुच्छेद के तहत न्यायिक समीक्षा का अधिकार प्राप्त है?

Ans
✘ A. अनुच्छेद 124
✘ B. अनुच्छेद 30
✔ C. अनुच्छेद 32
✘ D. अनुच्छेद 72

Q.27 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 6 8 @ ! 4 5 ^ 5 * 9 & 4 $ # 3 @ 1 + ? 8 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से सातवाँ होगा?

Ans
✘ A. 9
✘ B. 6
✔ C. 5
✘ D. 1

Q.28 रिपोर्ट कार्ड तैयार करना, छात्र रिकॉर्ड बनाए रखना और प्रश्न पत्र बनाना, ये सभी क्रियाएं मुख्यत: कंप्यूटर अनुप्रयोग के किस क्षेत्र से संबंधित हैं?

Ans
✘ A. व्यापार विपणन
✘ B. अंतरिक्ष अनुसंधान
✔ C. शिक्षा प्रशासन
✘ D. ऑटोमोबाइल नियंत्रण

Q.29 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : MWE :: KUC : %

Ans
✘ A. # = BLT % = VFM
✘ B. # = BLT % = VCN
✘ C. # = KLT % = VFN
✔ D. # = BLT % = VFN

Q.30 AB एक वृत्त का व्यास है जिसका केंद्र P है। C और D वृत्त पर AB के दोनों ओर दो बिंदु इस प्रकार हैं कि ∠CAB = 48° और ∠ABD = 55° है। ∠CBD और ∠CAD के मापों का अंतर कितना है?

Ans
✘ A. $8^\circ$
✘ B. $18^\circ$
✔ C. $14^\circ$
✘ D. $11^\circ$

Adda247

Q.31 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

45 65 81 93 101 ?

Ans
- ✗ A. 103
- ✗ B. 106
- ✓ C. 105
- ✗ D. 104

Q.32 यदि A के 75% का 160%, B के 150% के दोगुने के बराबर है, तो A, B से कितने प्रतिशत अधिक/कम है?

Ans
- ✓ A. 150%, अधिक
- ✗ B. 60%, कम
- ✗ C. 150%, कम
- ✗ D. 60%, अधिक

Q.33 एक निश्चित कूट भाषा में, 'APES' को '4583' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PEAT' को '6438' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✓ A. 5
- ✗ B. 6
- ✗ C. 8
- ✗ D. 4

Q.34 नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान समूह का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
180 – 145 – 125 – 100; 145 – 110 – 90 – 65

Ans
- ✓ A. 165 – 130 – 110 – 85
- ✗ B. 130 – 95 – 70 – 50
- ✗ C. 155 – 130 – 110 – 75
- ✗ D. 115 – 80 – 60 – 45

Q.35 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से DIME का संबंध HNIZ से है। उसी प्रकार, LSEU का संबंध PXAP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TCWK का संबंध निम्न में से किससे है?

Ans
- ✗ A. VHSD
- ✓ B. XHSF
- ✗ C. YGTE
- ✗ D. WIRG

Q.36 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए

(बाएं) 5 5 © J W 1 L £ D Z 6 6 C 2 # R 2 C 6 % Y 6 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाईं ओर से पांचवें स्थान पर होगा?

Ans
- ✗ A. D
- ✗ B. W
- ✓ C. £
- ✗ D. L

Q.37 समूह A में 72 सदस्य, समूह B में 12 सदस्य और समूह C में 87 सदस्य हैं। इन सभी समूहों के सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर व्यय की गई औसत धनराशि क्रमशः ₹404, ₹316 और ₹424 है। प्रति सदस्य व्यय की गई समग्र औसत धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 404
- ✗ B. 409
- ✗ C. 412
- ✓ D. 408

Q.38 भारत में जनगणना, जनगणना अधिनियम ______ के कानूनी अधिकार के अंतर्गत दस वर्षों में एक बार की जाती है।

Ans
- ✗ A. 1947
- ✗ B. 1872
- ✓ C. 1948
- ✗ D. 2010

Q.39 2025 में, पारंपरिक चिकित्सा पर द्वितीय WHO वैश्विक शिखर सम्मेलन आधिकारिक तौर पर 17 दिसंबर को किस शहर में आयोजित किया गया?

Ans
- ✗ A. जिनेवा
- ✗ B. बैंकॉक
- ✓ C. नई दिल्ली
- ✗ D. बीजिंग

Q.40 निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने परमाण्विक द्रव्यमान की अवधारणा दी?

Ans
- ✗ A. अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford)
- ✗ B. जे. जे. थॉमसन (J.J. Thomson)
- ✗ C. नील्स बोहर (Niels Bohr)
- ✓ D. जॉन डाल्टन (John Dalton)

Q.41 RBI और केंद्र सरकार के बीच मार्च 1997 में हुए समझौते के अनुसार, 1 अप्रैल 1997 से कौन-सा अभ्यास बंद कर दिया गया था?

Ans
- ✓ A. तदर्थ ट्रेजरी बिल जारी करने का अभ्यास
- ✗ B. राजकोषीय घाटे का स्वतः मुद्रीकरण
- ✗ C. 91 दिनों के ट्रेजरी बिल जारी करना
- ✗ D. दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से बाजार ऋण

Q.42 यदि a एक इस प्रकार धनात्मक पूर्णांक है कि समीकरण $(a^2 - 7a)x^2 + x + 12 = 0$ तथा $240x^2 + 8x + (a^2 - 4) = 0$ दोनों के मूल उभयनिष्ठ हैं, तो $\frac{(a + 2)(a + 3)}{a - 4}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 18
- ✗ B. 42
- ✗ C. 30
- ✓ D. 26

Q.43 छह वर्ष पश्चात, एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुना होगी। छह वर्ष पूर्व, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की सात गुना थी। पिता और पुत्र की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 46 और 10
- ✗ B. 52 और 16
- ✗ C. 50 और 14
- ✓ D. 48 और 12

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.44 यदि 4 : 28 :: 4.1 : x और 4 : 32 :: 3 : y है, तो x और y का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 288 : 238
- ✗ B. 291 : 250
- ✓ C. 287 : 240
- ✗ D. 285 : 241

Q.45 P, Q, R, S, Y, और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
Y और Z के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। Y के ऊपर केवल P रहता है। R किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है। Q, Y के ठीक नीचे रहता है।
क्रमांक 2 वाले तल पर कौन रहता है?

Ans
- ✗ A. Y
- ✗ B. Q
- ✓ C. S
- ✗ D. P

Q.46 1951–1991 के दौरान भारत में किस पॉलिसी ट्रेड-ऑफ ने संतुलित क्षेत्रीय वृद्धि को सीमित कर दिया?

Ans
- ✗ A. सेवाएँ बनाम विनिर्माण
- ✗ B. निजी बनाम सार्वजनिक क्षेत्र
- ✓ C. कृषि बनाम उद्योग
- ✗ D. आयात बनाम निर्यात

Q.47 प्रयाग प्रशस्ति (Prayaga Prashasti) के अनुसार, समुद्रगुप्त की तुलना धन से संबंधित किस देवता से की जाती है?

Ans
- ✓ A. कुबेर (Kubera)
- ✗ B. वरुण (Varuna)
- ✗ C. इंद्र (Indra)
- ✗ D. यम (Yama)

Q.48 एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 180% अधिक निर्धारित करता है। 12% का लाभ प्राप्त करने के लिए अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट दी जानी चाहिए?

Ans
- ✗ A. 62%
- ✓ B. 60%
- ✗ C. 57%
- ✗ D. 58%

Q.49 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

33 40 54 75 103 ?

Ans
- ✗ A. 142
- ✗ B. 140
- ✗ C. 145
- ✓ D. 138

Q.50 उस ठोस घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई 84 cm है।

Ans
- ✓ A. 42336 cm2
- ✗ B. 42292 cm2
- ✗ C. 42359 cm2
- ✗ D. 42365 cm2

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.51 चेरियल स्क्रॉल पेंटिंग (Cheriyal scroll painting) भारत के किस राज्य से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. आंध्र प्रदेश
- ✗ B. तमिलनाडु
- ✗ C. कर्नाटक
- ✓ D. तेलंगाना

Q.52 यदि $\left(a+\frac{1}{a}\right)=4$ है, तो $\left(a^5+\frac{1}{a^5}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 776
- ✗ B. 709
- ✓ C. 724
- ✗ D. 770

Q.53 100 पुरुषों के पास 27 दिनों का राशन है। यदि 55 पुरुष चले गए, तो शेष पुरुषों के लिए वही राशन कितने दिनों तक चलेगा?

Ans
- ✗ A. 62
- ✗ B. 58
- ✗ C. 64
- ✓ D. 60

Q.54 लोक सभा या राज्य विधानसभा के प्रत्येक आम चुनाव से पहले, राष्ट्रपति किसके साथ परामर्श करने के पश्चात क्षेत्रीय आयुक्तों की नियुक्ति कर सकते हैं?

Ans
- ✗ A. प्रधानमंत्री
- ✓ B. निर्वाचन आयोग
- ✗ C. भारत के मुख्य न्यायाधीश
- ✗ D. लोकसभा अध्यक्ष

Q.55 सात व्यक्ति B, C, O, P, Q, R और S एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, S के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, S के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। R के दाएँ से गिनने पर, P और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, P का निकटतम पड़ोसी है। O के ठीक बाएँ पड़ोस में और दाएँ पड़ोस में क्रमशः कौन बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. C और B
- ✓ B. S और B
- ✗ C. S और P
- ✗ D. C और S

Q.56 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 B 4 C 6 D 45 A 5 = ?

Ans
- ✗ A. 32
- ✗ B. 31
- ✓ C. 33
- ✗ D. 34

Q.57 निम्नलिखित में से किस राज्य में बोरो कचारीज (Boro Kacharis) द्वारा अप्रैल महीने में बैशागु उत्सव मनाया जाता है?

Ans
- ✗ A. कर्नाटक
- ✓ B. असम
- ✗ C. बिहार
- ✗ D. ओडिशा

Adda247

Q.58 निम्नलिखित बारंबारता-बंटन का बहुलक ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

| वर्ग | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 5 | 8 | 12 | 20 | 10 |

Ans
✗ A. 31.51
✗ B. 33.35
✓ C. 34.44
✗ D. 32.25

Q.59 कानपुर में 1857 के विद्रोह के दौरान नाना साहब की सेना का नेतृत्व करने में सबसे महत्वपूर्ण सैन्य भूमिका किसने निभाई थी?

Ans
✗ A. बाजी राव द्वितीय, अंतिम पेशवा और नाना साहब के पिता
✗ B. बहादुर शाह, जिन्होंने नाना साहब को अपना गवर्नर नियुक्त किया था
✗ C. अज़ीमुल्लाह, जो राजनीतिक प्रचार में निपुण थे
✓ D. तात्या टोपे, जो अपने गुरिल्ला युद्ध और देशभक्तिपूर्ण प्रतिरोध के लिए जाने जाते थे

Q.60 पदार्थ की निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था में कण एक दूसरे से दूर होते हैं और यादृच्छिक रूप से तथा तेजी से गति करते है?

Ans
✓ A. गैसीय अवस्था
✗ B. प्लाज्मा अवस्था
✗ C. द्रव अवस्था
✗ D. ठोस अवस्था

Q.61 लोगन बिंदु A से शुरू करके पश्चिम दिशा में 18 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 15 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
✗ A. 5 km, उत्तर की ओर
✗ B. 15 km, पश्चिम की ओर
✗ C. 18 km, दक्षिण की ओर
✓ D. 25 km, पूर्व की ओर


Q.62 X, Y, Z, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
S क्रमांक 5 वाले तल पर रहता है। X, S के ऊपर किसी तल पर रहता है। Y के नीचे केवल U रहता है। Z किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। Z के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ A. एक
✗ B. चार
✓ C. तीन
✗ D. दो

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.63** दी गई आकृति में, समांतर रेखाएँ AB और CD, एक तिर्यक रेखा t द्वारा क्रमशः E और F पर अंतःखंडित (intercepted) हैं। यदि EG, ∠AEF का कोण समद्विभाजक है, तो ∠EGF ज्ञात कीजिए।




**Ans**
- ✗ A. 35o
- ✗ B. 85o
- ✗ C. 90o
- ✓ D. 60o

**Q.64** सरोजिनी नायडू के 1905 में प्रकाशित कविता संग्रह 'द गोल्डन थ्रेशहोल्ड (The Golden Threshold)' का परिचयात्मक निबंध किसने लिखा था?

**Ans**
- ✗ A. डब्ल्यू. बी. येट्स (W. B. Yeats)
- ✗ B. एडमंड गोसे (Edmond Gosse)
- ✓ C. आर्थर सिमंस (Arthur Symons)
- ✗ D. रवींद्रनाथ टैगोर (Rabindranath Tagore)

**Q.65** निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएँ) R % C * E 3 K 6 $ 7 D @ 2 T Y # 4 5 G & S (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएँ से चौथा होगा?

**Ans**
- ✓ A. #
- ✗ B. @
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Adda247

**Q.66** एकल संकर क्रॉस (monohybrid cross) की F2 पीढ़ी सामान्यतः किस लक्षणप्ररूपी अनुपात को दर्शाती है?

**Ans**
- ✗ A. 1:2:1
- ✗ B. 2:1
- ✓ C. 3:1
- ✗ D. 1:1

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.67 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
कुछ मुर्गी, टर्की हैं। कुछ मुर्गी, शुतुरमुर्ग हैं। कुछ टर्की, चील हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ मुर्गी, चील हैं।
(II) कुछ टर्की, शुतुरमुर्ग हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.68 समुद्रगुप्त की विजयों का विस्तृत वर्णन करने वाले 'प्रयाग प्रशस्ति' (इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख) की रचना किसने की थी?

Ans
- ✗ A. कालिदास (Kalidasa)
- ✗ B. विशाखदत्त (Vishakhadatta)
- ✗ C. बाणभट्ट (Banabhatta)
- ✓ D. हरिषेण (Harisena)

Q.69 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'TIER' को '2735' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'TIME' को '3475' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 7
- ✗ C. 3
- ✓ D. 4

Q.70 2025 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल मामले में निर्णय सुनाया कि किसी राज्य का राज्यपाल, राज्य विधानमंडल द्वारा विधिवत पारित विधेयक पर निम्नलिखित में से किसका प्रयोग नहीं कर सकता है?

Ans
- ✗ A. केवल वित्तीय विधेयकों पर वीटो
- ✓ B. पॉकेट वीटो
- ✗ C. सशर्त स्वीकृति
- ✗ D. लाइन-आइटम वीटो

Adda247

Q.71 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
V, T के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। U, R के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। R, S के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, T के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है।
S के दाएँ से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. U
- ✗ B. P
- ✗ C. R
- ✓ D. T

Q.72 एक सेल के दौरान, 50% माल को 16% के लाभ पर बेचा जाता है, शेष माल का 40% माल, 35% के लाभ पर बेचा जाता है और उसके बाद शेष माल को 25% की हानि पर बेचा जाता है। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 7.5
- ✗ B. 9
- ✗ C. 8
- ✗ D. 6

Q.73 P, Q और R प्रकार की प्रत्येक वस्तु की कीमत क्रमशः ₹280, ₹180 और ₹115 है। तेजस प्रत्येक प्रकार की वस्तुएँ 4 : 2 : 5 के अनुपात में ₹6,165 में खरीदता है। उसने Q प्रकार की कितनी वस्तुएँ खरीदीं?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 12
- ✗ C. 14
- ✓ D. 6

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा महाद्वीप भूमध्य रेखा पर नहीं है?

Ans
- ✗ A. दक्षिण अमेरिका
- ✓ B. यूरोप
- ✗ C. एशिया
- ✗ D. अफ्रीका

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'H - V ÷ K × T + R' है, तो H का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पिता का भाई
- ✗ B. माता का भाई
- ✗ C. बहन का पुत्र
- ✓ D. भाई

Q.76 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 80% ने अपना वोट डाला और 10% वोट अमान्य पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध वोटों का 89% प्राप्त हुआ और उसने 351 वोटों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कुल कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
- ✗ A. 650
- ✗ B. 600
- ✗ C. 675
- ✓ D. 625

Q.77 एक दुकानदार ने ₹100 प्रति दर्जन की दर से 62 दर्जन वस्तुएं खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु को ₹75 की दर से बेचा। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 798 %
- ✗ B. 797 %
- ✓ C. 800 %
- ✗ D. 801 %

Q.78 श्रीलंका के साथ, किस द्वीप देश की पहचान हिंद महासागर में भारत के दक्षिणी पड़ोसी के रूप में की गई है?

Ans
- ✓ A. मालदीव
- ✗ B. भूटान
- ✗ C. इंडोनेशिया
- ✗ D. थाईलैंड

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.79** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।

Q: पाँच विद्यार्थियों - आलोक, भारती, सेलीन, दर्पण और एमा - ने एक परीक्षा में अलग-अलग अंक प्राप्त किए।
तीसरा सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किया?
(I) दर्पण ने आलोक और भारती से अधिक लेकिन सेलीन से कम अंक प्राप्त किए।
(II) एमा ने दर्पण से अधिक लेकिन सेलीन से कम अंक प्राप्त किए।

**Ans**
- ✗ A. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✓ C. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)।
- ✗ D. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

**Q.80** $5\frac{1}{6} \div 6.2 \times 0.75 \div \left(\frac{1}{5} \times 40\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{7}{33}$
- ✗ B. $\frac{9}{19}$
- ✗ C. $\frac{2}{17}$
- ✓ D. $\frac{5}{64}$

**Q.81** T, U, V, W, X, Y और Z में से प्रत्येक की सगाई सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। V की सगाई सप्ताह के तीसरे दिन है। Y के बाद केवल एक व्यक्ति की सगाई है। V और X के बीच केवल तीन व्यक्तियों की सगाई है। W और Z के बीच केवल एक व्यक्ति की सगाई है। T की सगाई Z के ठीक बाद है। U और T के बीच कितने व्यक्तियों की सगाई है?

**Ans**
- ✗ A. चार
- ✓ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

**Q.82** एक खुले (शीर्ष पर) घनाभीय बॉक्स की आंतरिक लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई क्रमशः 8 cm, 17 cm और 22 cm है। उसका आंतरिक पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 1215
- ✓ B. 1236
- ✗ C. 1189
- ✗ D. 1238

**Q.83** यदि संख्या 52697148 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में बाईं ओर से तीसरे और दाईं ओर से दूसरे अंक का गुणनफल क्या होगा?

**Ans**
- ✗ A. 28
- ✗ B. 12
- ✗ C. 16
- ✓ D. 14

**Q.84** अगस्त 2025 में शुरू किए गए 'ब्लू स्काईज 2025' अभियान का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?

**Ans**
- ✓ A. शहरी वायु प्रदूषण कम करना
- ✗ B. आर्द्रभूमि का संरक्षण करना
- ✗ C. वन आच्छादन बढ़ाना
- ✗ D. सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना

| | | |
|---|---|---|
| Q.85 | अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. OTP<br>✓ B. INK<br>✗ C. KPL<br>✗ D. MRN |

| | |
|---|---|
| Q.86 | दिसंबर 2025 में, पंजाब सरकार ने घने शीतकालीन कोहरे के दौरान स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए किस नीति (अनिवार्य दृश्यता उपाय, कम गति, परावर्तक, हेडलाइट और फॉग लाइट) को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया? |
| Ans | ✗ A. राष्ट्रीय विद्यालय सुरक्षा एवं बचाव दिशानिर्देश<br>✗ B. मोटर वाहन सुरक्षा अनुपालन कार्यक्रम<br>✗ C. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नीति<br>✓ D. सुरक्षित विद्यालय वाहन नीति |

| | |
|---|---|
| Q.87 | भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-से विषय संघ सूची में शामिल हैं? |
| Ans | ✗ A. शिक्षा, वन और विवाह<br>✗ B. स्थानीय सरकार, बाजार और मेले<br>✗ C. पुलिस, जन स्वास्थ्य और कृषि<br>✓ D. रक्षा, विदेशी मामले और नागरिकता |

| | |
|---|---|
| Q.88 | 312, 126, 100 और 99 का औसत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 156.25<br>✗ B. 158.25<br>✓ C. 159.25<br>✗ D. 157.25 |

| | |
|---|---|
| Q.89 | कौन-सी संस्था वर्ष 1999 में शुरू की गई राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (NAIS) की कार्यान्वयन एजेंसी थी? |
| Ans | ✓ A. एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी ऑफ़ इंडिया लिमिटिड (AIC)<br>✗ B. भारतीय खाद्य निगम (FCI)<br>✗ C. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)<br>✗ D. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) |

| | |
|---|---|
| Q.90 | रेलवे टिकट और उड़ानों (फ्लाइट) की बुकिंग (reservation) के लिए मुख्य रूप से किस कंप्यूटर एप्लिकेशन का उपयोग किया जाता है? |
| Ans | ✗ A. एजुकेशन (Education)<br>✗ B. कम्युनिकेशन (Communication)<br>✓ C. रिज़र्वेशन सिस्टम (Reservation System)<br>✗ D. बैंकिंग (Banking) |

| | |
|---|---|
| Q.91 | केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिसंबर 2025 में अनुमोदित तीसरे लॉन्च पैड की मेजबानी कौन-सा ISRO केंद्र करेगा? |
| Ans | ✗ A. अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र<br>✗ B. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र<br>✗ C. राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र<br>✓ D. सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र |

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.92 एक महिला ने 90 min तक 20 m/min की चाल से और फिर 60 मिनट तक 55 m/min की चाल से यात्रा की। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (m/min में) कितनी है?

Ans
- ✔ A. 34
- ✘ B. 27
- ✘ C. 40
- ✘ D. 38

Q.93 हिमालय के किस क्षेत्र में अधिक तुंगता-जनित भिन्नता पाई जाती है?

Ans
- ✘ A. दक्षिणी हिमालय क्षेत्र
- ✘ B. पश्चिमी हिमालय क्षेत्र
- ✔ C. पूर्वी हिमालय क्षेत्र
- ✘ D. उत्तरी हिमालय क्षेत्र

Q.94 यदि किसी दीवार के सापेक्ष सीढ़ी का उन्नयन कोण 60° है और सीढ़ी का निचला सिरा दीवार से 11.5 m दूर है, तो सीढ़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $23\sqrt{3}$ cm
- ✘ B. $\frac{23\sqrt{3}}{2}$ m
- ✔ C. 23 m
- ✘ D. 11.5 m

Q.95 तीन मित्र तीन क्रमिक मार्ग खंडों P से Q, Q से R, और R से S की यात्रा करते हैं। इन खंडों पर उनकी चाल क्रमशः 48 km/h, 72 km/h, और 96 km/h है। तीनों खंडों की दूरियों का अनुपात 2 : 3 : 1 है, और P से S तक की कुल दूरी 480 km है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल की गणना कीजिए।

Ans
- ✘ A. 68 km/h
- ✘ B. 65 km/h
- ✔ C. 64 km/h
- ✘ D. 58 km/h

Q.96 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ A. RV−WA
- ✘ B. PT−UY
- ✔ C. EI−IP
- ✘ D. GK−LP

Q.97 यदि $45\%\ of\ 20 - \frac{4}{6} \times \sqrt[3]{729} \times \sqrt{36} = y$ है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. -35
- ✔ B. -27
- ✘ C. -30
- ✘ D. -21

Q.98 मिस्टर ABCD विधानसभा सदस्य बनना चाहते हैं। विधानसभा सदस्य बनने के लिए भारत के संविधान में न्यूनतम आयु कितनी निर्धारित है?

Ans
- ✘ A. 35 वर्ष
- ✘ B. संविधान में न्यूनतम आयु का कोई प्रावधान नहीं है।
- ✔ C. 25 वर्ष
- ✘ D. 21 वर्ष

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.99 निम्नलिखित में से किसे भारत में LPG सुधारों का लाभ नहीं माना जाता है?

Ans
- ✗ A. उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाना
- ✓ B. व्यापार प्रतिबंधों में वृद्धि
- ✗ C. निजी क्षेत्र का विस्तार
- ✗ D. अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों में वृद्धि

Q.100 उस त्रिक का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरित किए गए पैटर्न का अनुसरण करता है।
दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
BALD-BADL-ABLD
EPIC-EPCI-PEIC

Ans
- ✗ A. PART-RTPA-APTR
- ✗ B. FIRE-IREF-FRIE
- ✓ C. HIKE-HIEK-IHKE
- ✗ D. COME-COEM-OEMC

"

Adda247